11.11.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- उज्जैन में चल रहे कालिदास समारोह में कल उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे, नौ दिवसीय समारोह में कालिदास अलंकरण भी प्रदान किए जाएंगे
- श्योपुर और बुदनी सीटों पर चुनाव प्रचार का शोर थमा, बुधवार को होगा मतदान
- ग्वालियर में सूचना प्रौद्योगिकी इकाइयों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की घोषणा
- नशामुक्ति पुरस्कार के लिए 18 दिसंबर तक आवेंदन मंगाए गए।

कालिदास समारोह

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल उज्जैन में आयोजित हो रहे 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। कल से शुरू हुआ समारोह 18 नवंबर तक चलेगा; इस दौरान महाकवि कालिदास के साहित्य में पंच महाभूत विमर्श पर आधारित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के अलावा सांस्कृतिक कार्यकम होंगे। 13 नवम्बर को राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी और पंडित सूर्यनारायण व्यास व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 7 बजे शास्त्रधर्मी शैली पर आधारित तथा पारम्परिक शैली से प्रेरित नृत्य नाटिका का प्रस्तुतिकरण होगा। इस वर्ष 2022–2023 के लिये कालिदास अलंकरण से भी विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। कल मंगल कलश यात्रा निकाली गई और कालिदास अकादमी में नान्दी–भक्ति संगीत का कार्यक्रम हुआ।

उपचुनाव प्रचार

ग्यारह राज्यों की 33 विधानसभा और केरल की वायनाड संसदीय सीट पर उपचुनाव के लिए आज शाम प्रचार अभियान समाप्त हो गया। इनमें प्रदेश की श्योपुर जिले की विजयपुर और सीहोर जिले की बुदनी सीट शामिल है। अंतिम दिन जोरदार प्रचार अभियान के बाद शाम को प्रचार अभियान थम गया। श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के समर्थन में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक सभा को संबोधित किया। साथ ही कई अन्य प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं कांग्रेस की ओर से विजयपुर विधानसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल जनसंपर्क किया और मढ़ा, इटवई, विजयपुर सेक्टर की बैठक में कांग्रेसजनों से बूथ स्तरीय तैयारियों के संदर्भ में चर्चा की। सीहोर जिले के बुदनी उपचुनाव में राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत प्रचार में झोंकी।

मुख्य न्यायाधीश– शपथ

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने न्यायामूर्ति संजीव खन्ना को देश के 51 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करने पर प्रदेशवासियों की तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

## वन अधिकार दावे

वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत प्रदेश में अब तक 2 लाख 75 हजार 352 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार दावे मान्य किये गये हैं। इसके अतिरिक्त 29 हजार 996 सामुदायिक वन अधिकार दावों को भी मान्यता प्रदान की गई है। वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त वन अधिकार दावों का निर्धारित पात्रता के अनुसार निराकरण किया जा रहा है। वन अधिकार अधिनियम में प्रदेश में अब तक 792 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तन कर दिया गया है। इसके लिये संबंधित जिला कलेक्टरों द्वारा विधिवत अधिसूचनाएं भी जारी कर दी गई हैं। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम के पोटेंशियल एरिया की मैपिंग के लिए प्रदेश के सभी जिलों का एफआरए एटलस भी तैयार कर लिया गया है।

## मतदाता सूची

प्रदेश में मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया चल रही है। 29 अक्टूबर से मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया गया है। मतदाता अपने मतदान केन्द्रों पर अपना नाम जुड़वाने या मतदाता सूची में सुधार के लिए आवेदन दे सकते हैं। पन्ना जिले मे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने रविवार को भी विशेष कैंप लगेगा. जिले मे 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रत्येक मतदान केन्द्र में नियुक्त बीएलओ द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आयोग के निर्देशानुसार 9 एवं 10 नवम्बर को मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष कैम्प लगाया गया था। पन्ना जिले मे आगामी 16 एवं 17 नवम्बर को भी विशेष कैम्प आयोजित किए जायेंगे। अनूपपुर के उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि इसी कड़ी 16 और 17 नवम्बर के बाद अगले महीने में 9 और 10 दिसंबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

## मिल श्रमिक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर में आईटी के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं। यहाँ के आईटी विशेषज्ञ युवाओं को बाहर न जाना पड़े, इसके लिये ग्वालियर में सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित इकाइयों को विशेष बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने आज ग्वालियर की जेसी मिल का जायजा लेते हुए इंदौर की हुकुमचंद मिल और उज्जैन की विनोद मिल की तर्ज पर जल्द ही ग्वालियर की जेसी मिल के श्रमिकों और प्रदेश की अन्य बंद मिलों की देनदारियों का भुगतान का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30–40 साल से बंद पड़ी ग्वालियर की जेसी मिल के मजदूरों के प्रकरणों में 8 हजार से ज्यादा मजदूरों को उचित न्याय दिलाया जायेगा। उन्होंने जेसी मिल परिसर का भ्रमण किया, साथ ही नक्शे के माध्यम से जेसी मिल की जमीन और अन्य परिसम्पत्तियों की जानकारी ली।

## नशा मुक्ति रैली

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा है कि नशे से युवा गुमराह हो रहे हैं और समाज में बुराइयां आ रही हैं। उन्होंने आज छतरपुर में नशा मुक्ति रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज में लड़ाई झगड़ों का कारण बन रहा है। इसके कारण गंभीर बीमारियां हो रही हैं। डॉ कुमार ने कहा कि नशा मुक्ति को आंदोलन बनाने की जरूरत है। नशा मुक्ति रैली छतरपुर के विभिन्न मार्गों से गुजरी जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी स्कूली छात्र ,छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक निबंध लेखन गीत प्रस्तुत करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

नशा मुक्ति पुरस्कार

राज्य सरकार नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों और स्वैच्छिक संगठनों को राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार से सम्मानित करेगी। राज्य स्तरीय पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये के दो पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे, जबकि प्रत्येक जिले में तीन पुरस्कार 10 हजार रुपये के होंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने इसके लिए योग्य संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 दिसंबर है। इसे संचालनालय के पते या ई–मेल पर जमा कराया जा सकता है। जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यालय में जमा किए जाएंगे।

राष्ट्रीय एकता पर्व

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज युवाओं और छात्रों से देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सिकंदराबाद में केंद्रीय विद्यालय संगठन के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता पर्व का उद्घाटन किया। इस अवसर पर 25 क्षेत्रीय केन्द्रीय विद्यालयों के लगभग एक हजार छात्र शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता पर्व का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति और कला के प्रति प्रशंसा को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर श्री रेड्डी ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय वास्तव में एक "लघु भारत" है जो जीवंत है और संभावनाओं से भरा हुआ है। केन्द्रीय विद्यालय न केवल शिक्षा प्रदान कर रहे हैं बल्कि राष्ट्रीय एकता की भावना का पोषण भी कर रहे हैं।

कुछ समाचार संक्षेप में ....

1.केन्द्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने आज अशोकनगर में एक बैठक में अधिकारियों से जिले के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा है।

2. सागर जिले में बच्चों को स्वच्छ पोषण युक्त आहार देने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जी आर ने रंगीन रोटी अभियान शुरू किया हैं। उन्होंने बच्चों के भोजन में मुनगा के पत्तों, पालक के पत्तों, चुकंदर का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।

3. मुरैना में एशिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क बनेगा। जिसके लिये 4 हजार 164 हेक्टेयर भूमि आबंटित की गई है।

4. नर्मदापुरम में माखननगर मार्ग पर कल रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।